मंगलवार
28 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर






वर्ष 2, अंक 84 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## भीषण गर्मी में राजगीर जू सफारी ने वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बढ़ती गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए राजगीर जू सफारी प्रशासन ने वन्यजीवों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने बताया कि भीषण गर्मी से जानवरों को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुविधाओं और स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

जू सफारी में शेर, बाघ, तेंदुआ और भालू समेत अन्य वन्यजीवों के रिटायरिंग रूम में एयर कूलर और डक्ट कूलिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इन सभी उपकरणों की प्रतिदिन जांच की जा रही है ताकि वे लगातार सुचारु रूप से काम करते रहें। इसके अलावा जानवरों के इन्क्लोजर में बड़े शेड बनाए गए हैं तथा मांसाहारी जीवों के क्राल की छतों पर ग्रीन नेटलगाया गया है, जिससे तापमान नियंत्रित रखा जा सके।

वन्यजीवों के लिए पानी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी तालाबों और इन्क्लोजर में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन की सुविधा सीमित है, वहां विशेष पानी के टैंकरों से पानी पहुंचाया जा





रहा है। पक्षियों की एवियरी में अतिरिक्त वाटर पॉइंट्स बनाए गए हैं और मिस्ट कूलिंग सिस्टम लगाया गया है।प्रबंधन द्वारा सूखी घास और झाड़ियों की नियमित सफाई भी कराई जा रही है ताकि आग लगने जैसी घटनाओं से बचाव हो सके। पशु चिकित्सा पदाधिकारी लगातार वन्यजीवों के स्वास्थ्य और व्यवहार की निगरानी कर रहे हैं, जिससे किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

## अस्थावां में गैस सिलेंडर कालाबाजारी पर छापेमारी, नौ सिलेंडर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर अस्थावां प्रखंड क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध भंडारण के खिलाफ सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक, अस्थावां द्वारा की गई।

छापेमारी के दौरान सारे थाना क्षेत्र के बेनार गांव निवासी सत्यदेव सिंह उर्फ कनेडी कुमार के घर से विभिन्न कंपनियों के कुल नौ घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनमें एचपी गैस के तीन सिलेंडर, भारत गैस के दो तथा इंडेन गैस के चार सिलेंडर शामिल हैं। जांच में तीन सिलेंडर भरे हुए जबकि छह खाली पाए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी गैस सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। अधिकारियों ने आशंका जताई कि आरोपी बड़े पैमाने पर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण में संलिप्त था।

मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 7 एवं भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत सारे थाना में कांड संख्या 65/26 दर्ज किया गया है।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल या घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग की सूचना टोल फ्री नंबर 06112-233168 पर दें। प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## विद्युत विभाग के विशेष शिविर में 69 शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन

संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। सोमवार को विद्युत विभाग के तत्वावधान में बिल सुधार एवं अन्य विद्युत समस्याओं के निराकरण को लेकर नालंदा जिले के सभी विद्युत कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का आयोजन जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के सभी विद्युत कार्यालयों में किया गया। इसका संचालन संबंधित कार्यालयों के वरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

शिविर में पहुंचे उपभोक्ताओं एवं आवेदकों की समस्याओं को सुनकर कई मामलों का ऑन स्पॉट त्वरित निष्पादन किया गया। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले भर से कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 69 मामलों का समय पर समाधान कर दिया गया।

विभाग ने बताया कि शेष लंबित शिकायतों का भी 72 घंटे के भीतर समाधान कर निष्पादित किया जाएगा।शिविर के दौरान उपभोक्ताओं से किए जा रहे कार्यों एवं समाधान प्रक्रिया को लेकर फीडबैक भी लिया गया। विद्युत विभाग की इस पहल, शिकायत सुनवाई की व्यवस्था तथा सुगम समाधान प्रक्रिया की उपभोक्ताओं ने सराहना की।

## पेट्रोल-डीजल आपूर्ति सामान्य, जमाखोरी करने वालों पर होगी कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को रसोई गैस एवं पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि आईओसीएल एवं बीपीसीएल के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। केवल एचपीसीएल के दो पेट्रोल पंप — बेचन माधुरी एचपी और केदारनाथ फ्यूल्स — आंतरिक कारणों से बंद हैं, जिन्हें जल्द चालू कराने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मांग के अनुरूप लगातार ईंधन की आपूर्ति की जा रही है।

जिला पदाधिकारी ने शादी के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल स्टॉक रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और पैनिक नहीं होने की अपील की गई।

एलपीजी नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8794 घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। बैकलॉग को घटाकर 3.6 तक लाया गया है, जिसे तीन से कम करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने जमाखोरी, कालाबाजारी और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना कंट्रोल रूम नंबर 06112-233168 पर देने की अपील की।


## बिहारशरीफ नगर निगम ने पेयजल, सफाई और शवदाह गृह संचालन पर लिया फैसला

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक सोमवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा, सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए तय समय-सीमा निर्धारित करने तथा संबंधित हेल्प डेस्क बनाने का निर्णय लिया गया।

ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट से निपटने के लिए वर्तमान में कार्यरत तीन मोटर मरम्मत टीम के अतिरिक्त एक नई टीम गठित करने और अतिरिक्त मोटर पंप सेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही खराब चापाकलों की युद्धस्तर पर मरम्मत कराने पर सहमति बनी।मानसून को देखते हुए 20 मई 2026 तक नगर निगम क्षेत्र के सभी बड़े, मझौले और छोटे नालों की उड़ाही तथा पुलियों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि जलजमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हो। इसके अलावा साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इंटीग्रेटेड मॉडल आरएफपी प्रकाशित कराने का निर्णय लिया गया।बैठक में चक रसलपुर और कोसुक क्षेत्र में वर्षों से जमा लिगेसी वेस्ट के बायो रेमिडिएशन कार्य के लिए 5.93 करोड़ रुपये के प्राक्कलन को स्वीकृति दी गई। वहीं वार्ड 5 और वार्ड 23 में निर्मित विद्युत शवदाह गृह के संचालन हेतु आवश्यक मानवबल बहाल करने पर भी सहमति बनी। अंत में महापौर ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# सैदी गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से टोटो चालक की दर्दनाक मौत



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गिरियक-पार्वती राज्य हाईवे 71 पर सोमवार की अहले सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक टोटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सैदी गांव के समीप करीब सुबह चार बजे हुआ, जब तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि वाहन चालक गाड़ी समेत फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही कतरीसराय थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गश्ती दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त टोटो को भी जब्त कर लिया गया है।

मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के मरकट्टा गांव निवासी गुलशन कुमार के रूप में हुई है। वह राजीव सिंह का पुत्र था और टोटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार गुलशन रोज की तरह सोमवार सुबह भी टोटो लेकर निकला था, लेकिन सैदी गांव के पास हादसे का शिकार हो गया।घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि फरार अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी है।

# कोचिंग पढ़ाने निकला युवक रहस्यमय ढंग से लापता, परिजन परेशान, आवेदन दर्ज



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लहेरी थाना क्षेत्र में एक युवक के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नवादा जिले के हसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अरियन गांव निवासी विजय कुमार ने लहेरी थाना प्रभारी को आवेदन देकर अपने पुत्र राहुल कुमार की बरामदगी की गुहार लगाई है।

आवेदन में उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में बिहारशरीफ के कमरुद्दीनगंज मोहल्ले में पप्पू सिंह के मकान में किराये पर रहते हैं। उनका पुत्र राहुल कुमार, जिसकी उम्र करीब 30 वर्ष है, 22 अप्रैल 2026 को दोपहर लगभग दो बजे बीएम क्लासेस कोचिंग में पढ़ाने के लिए घर से निकला था।

उन्होंने बताया कि शाम करीब चार बजे कोचिंग संस्थान के स्टाफ धर्मवीर कुमार और चंदन पांडे उनके डेरा पर पहुंचे और राहुल के बारे में पूछताछ करने लगे। दोनों ने बताया कि राहुल काफी समय से दिखाई नहीं दे रहा है और वे लोग उसकी खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है।


परिजनों ने राहुल के मोबाइल नंबर 9709284595 एवं 7827580942 पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों नंबर स्विच ऑफ बता रहे हैं। घटना के बाद परिवार के लोग काफी चिंतित और परेशान हैं।

विजय कुमार ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके पुत्र की जल्द बरामदगी की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।







# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, पंचपदी अधिगम प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर, राजगीर में सोमवार को मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रमेश प्रताप सिंह परिहार एवं विद्यालय के सचिव सागर जी ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। समारोह में सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के उत्साह से कार्यक्रम का वातावरण उल्लासपूर्ण बना रहा।

मुख्य अतिथि डॉ. रमेश प्रताप सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान एक सतत एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अर्जित ज्ञान कभी व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाता है।



विद्यालय के सचिव सागर जी ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र द्वारा संचालित पंचपदी अधिगम पद्धति आधारित प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का भी शुभारंभ हुआ। 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी एवं सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अस्ता मध्य विद्यालय में तोड़फोड़, किचन क्षतिग्रस्त होने से मध्याह्न भोजन प्रभावित



थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अस्ता में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना बाधित हो गई है, वहीं बच्चों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति कुमारी ने बताया कि सोमवार 27 अप्रैल की सुबह जब विद्यालय खोला गया तो किचन रूम का दरवाजा टूटा हुआ मिला। निरीक्षण के दौरान चूल्हा भी क्षतिग्रस्त पाया गया। इसके अलावा विद्यालय के बोरिंग से पानी सप्लाई करने वाला पाइप, शौचालय का पाइप तथा पानी निकासी पाइप भी तोड़ दिया गया था।

उन्होंने आशंका जताई कि घटना 25 और 26 अप्रैल के बीच रात में हुई होगी। घटना के कारण विद्यालय में बच्चों के लिए बनने वाला मध्याह्न भोजन प्रभावित हो गया है। साथ ही पानी की व्यवस्था बाधित होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है।



प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने मामले की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों और स्थानीय थाना को दे दी है। घटना के बाद विद्यालय परिसर में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि अस्ता मिडिल स्कूल की प्रधानाध्यापिका द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।






# ग्रामीण सोलर लाइट, सीसीटीवी और पटना मेट्रो कार्यों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा




पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में नगर विकास एवं आवास, पंचायती राज तथा पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को विकास योजनाओं में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में शहरी विकास, स्वच्छता, जलापूर्ति, सोलर स्ट्रीट लाइट, सीवरेज नेटवर्क तथा पटना मेट्रो परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत लगाए गए सभी सोलर लाइट पूरी तरह कार्यशील रहें। इसके लिए प्रभावी मॉनीटरिंग सिस्टम विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि खराब लाइटों की समय पर पहचान और मरम्मत हो सके। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में सीसीटीवी अधिष्ठापन सुनिश्चित करने को भी कहा।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवरेज शोधन संयंत्रों की स्थिति की भी समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी गरीबों को शीघ्र पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए तथा गंगा किनारे निर्माणाधीन एसटीपी परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए।

उन्होंने पटना मेट्रो रेल परियोजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि मलाही पकड़ी से राजेंद्र नगर टर्मिनल और पटना जंक्शन तक मेट्रो कार्य जल्द पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। बैठक में मुख्य सचिव, विकास आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण से प्रभावित होकर जन सुराज छोड़ कई महिला नेत्रियां जदयू में हुईं शामिल




पटना (अपना नालंदा)। पश्चिमी चंपारण के रामनगर प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष स्मिता चौरसिया ने सोमवार को कई महिला नेत्रियों के साथ जन सुराज छोड़कर जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ग्रहण की। पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्मिता चौरसिया कई वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं तथा पश्चिमी चंपारण में उनका मजबूत जनाधार है। उनके पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी और महिला भागीदारी भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों से समाज का हर वर्ग प्रभावित है। उन्होंने 'नीतीश मॉडल' को पूरे देश के लिए अनुकरणीय बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक रूप से नई पहचान मिली है।

कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि निशांत कुमार की दूरदर्शी सोच से युवा और महिलाएं जदयू की ओर आकर्षित हो रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संगीता देवी, फेतों देवी, अमना खातून और प्रियंका देवी प्रमुख रहीं। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता हेमराज राम और प्रदेश महासचिव शंभू कुशवाहा सहित कई नेता उपस्थित थे।






# ग्रीनफील्ड टाउनशिप योजना से भू-मालिकों को मिलेगा विकसित जमीन का बड़ा हिस्सा




पटना (अपना नालंदा)। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने सोमवार को सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार सरकार की नई सैटेलाइट टाउनशिप योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए 11 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करेगी, जिसमें भू-मालिकों को विकास प्रक्रिया का भागीदार बनाया जाएगा।

प्रधान सचिव ने बताया कि बिहार टाउन प्लानिंग स्कीम नियमावली 2025 के तहत विकसित होने वाली इन टाउनशिप में चौड़ी सड़क, बिजली, ड्रेनेज, सीवर और पार्क जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के तहत भू-मालिकों को उनकी जमीनका 55 प्रतिशत हिस्सा विकसित रूप में वापस दिया जाएगा। वहीं 22 प्रतिशत भूमि आधारभूत संरचना, 5 प्रतिशत हरियाली और सार्वजनिक सुविधाओं तथा 3 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आवास के लिए उपयोग होगी।

उन्होंने कहा कि टाउनशिप विकसित होने के बाद जमीन की कीमत में कई गुना वृद्धि होगी, जिससे भू-मालिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा। जो लोग योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें बातचीत और सहमति के आधार पर मुआवजा, टीडीआर अथवा विकसित भवन में हिस्सेदारी दी जाएगी।

सरकार ने प्रस्तावित क्षेत्रों में भूमि खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक लगाई है, ताकि बिचौलियों से किसानों और भू-मालिकों के हितों की रक्षा की जा सके। अधिकारियों ने योजना को पूरी तरह पारदर्शी और जनहितकारी बताया।

# गोवा में चमकी पटना की प्रतिभा, अमृता बनीं एब्रेले मिस इंडिया 2026

पटना(अपना नालंदा)। राजधानी पटना की प्रतिभाशाली डॉ. अमृता स्वराज ने एब्रेले मिस इंडिया 2026 सीजन-6 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गोवा के प्रसिद्ध बागा बीच पर आयोजित इस भव्य ग्रैंड फिनाले में देशभर से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समुद्र किनारे बने ओपन-एयर मंच पर आयोजित कार्यक्रम ने दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिया।



नरुलाज एंड कंपनी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रैंप वॉक, टैलेंट राउंड, सवाल-जवाब और पर्सनैलिटी प्रेजेंटेशन जैसे कई चरण हुए। सभी प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा से दर्शकों व निर्णायकों को प्रभावित किया। अंतिम दौर में डॉ. अमृता स्वराज को विजेता घोषित किए जाने के साथ ही पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अमृता सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। वे स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। निर्णायकों ने उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व और सामाजिक सोच की सराहना की।

क्राउनिंग सेरेमनी में आयोजन की प्रमुख शिखा नरूला ने उन्हें ताज पहनाया। इस दौरान टीवी अभिनेता शरद सांकला विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विजेता बनने पर डॉ. अमृता को क्राउन, ट्रॉफी, सैश और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उनकी सफलता ने बिहार की युवतियों को नए सपने देखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।






**संपादकीय**

**जे पी चौधरी**



# देवर्षि नारद : संवाद, सत्य और संचार परंपरा के प्रथम पुरोधा

भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में देवर्षि नारद का नाम केवल एक ऋषि के रूप में नहीं, बल्कि लोक और परलोक के बीच संवाद स्थापित करने वाले महान संचारक के रूप में भी लिया जाता है। आधुनिक पत्रकारिता के दौर में जब सूचना और संचार को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है, तब यह स्मरण करना आवश्यक हो जाता है कि भारतीय परंपरा में संवाद और सूचना के आदान-प्रदान की जड़ें अत्यंत प्राचीन हैं। इसी संदर्भ में देवर्षि नारद को प्रथम पत्रकार कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी।

हिंदू धर्मग्रंथों में अनेक ऐसे प्रसंग मिलते हैं, जहां नारद मुनि देवताओं, असुरों और मनुष्यों के बीच संदेशवाहक की भूमिका निभाते दिखाई देते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। उनकी विशेषता केवल समाचार पहुंचाना नहीं थी, बल्कि समयानुकूल सत्य को सामने लाना भी था। यही कारण है कि उन्हें "सूचनाओं का देवता" भी कहा जाता है।

महाभारत के सभापर्व में नारद मुनि के व्यक्तित्व और ज्ञान का विस्तृत वर्णन मिलता है। वे वेद, उपनिषद, इतिहास, पुराण, व्याकरण, ज्योतिष, आयुर्वेद, योग और संगीत के प्रकांड विद्वान थे। ज्ञान के प्रति उनकी साधना और लोककल्याण की भावना उन्हें अन्य ऋषियों से अलग पहचान देती है। नारद केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं।

नारद मुनि का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक भी माना जाता है। उन्होंने आजीवन अविवाहित रहकर स्वयं को भगवान विष्णु की भक्ति और सेवा में समर्पित कर दिया। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार, जब ब्रह्मा जी ने उन्हें विवाह करने का सुझाव दिया, तब भी उन्होंने सांसारिक जीवन स्वीकार नहीं किया। उनका मानना था कि ईश्वर भक्ति और लोकहित ही उनके जीवन का उद्देश्य है।

संगीत के क्षेत्र में भी नारद का योगदान उल्लेखनीय माना जाता है। वे महान वीणावादक थे और उनकी वीणा की मधुर ध्वनि से देवता, ऋषि-मुनि और समस्त प्राणी मंत्रमुग्ध हो जाते थे। मान्यता है कि माता सरस्वती ने स्वयं उन्हें संगीत की शिक्षा दी थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि नारद केवल संचारक ही नहीं, बल्कि कला और संस्कृति के भी संवाहक थे।

हालांकि, उनके जीवन से जुड़ी कथाएं यह भी सिखाती हैं कि अहंकार का अंत सदैव दुखद होता है। भगवान विष्णु द्वारा रची गई माया और स्वयंवर की कथा इस बात का उदाहरण है कि ज्ञान और तपस्या के बावजूद मनुष्य को विनम्र बने रहना चाहिए।

आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई बार सनसनी और पक्षपात के आरोपों से घिर जाती है, तब देवर्षि नारद का चरित्र हमें सत्य, संतुलन और लोकहित की याद दिलाता है। भारतीय पत्रकारिता की आत्मा यदि कहीं दिखाई देती है, तो उसकी जड़ें निश्चित रूप से देवर्षि नारद की संवाद परंपरा में ही मिलती हैं।

# भीषण गर्मी को लेकर नालंदा में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई के समय में बदलाव

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

जिला दण्डाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में वर्ग 01 से 08 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) की शैक्षणिक गतिविधियों पर अपराह्न 12:30 बजे के बाद प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे शैक्षणिक गतिविधियों का समय पुनर्निर्धारित करें तथा आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।यह आदेश 28 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा।




# सेवा संवाद, स्कूल नामांकन और अगलगी रोकथाम पर डीएम का फोकस




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" तथा मलमास मेला 2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि "सबका सम्मान-जीवन आसान" योजना का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में सम्मानजनक एवं सुगम सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी कार्यालय समय में अपने कक्ष में उपस्थित रहेंगे और आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने 30 अप्रैल तक खनन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, निबंधन कार्यालय, भू-माफिया तथा सरकारी कार्यों में बिचौलियों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।

बैठक में सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी प्रखंड, अनुमंडल, थाना एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। लंबित जनहित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा पंचायत स्तर पर जन सहयोग शिविर आयोजित कर शिकायतों के समाधान के निर्देश भी दिए गए।

स्व-गणना अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, आंगनबाड़ी और जीविका विभाग को अगले चार से पांच दिनों में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं "स्कूल चलो अभियान" के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में छह वर्ष पूर्ण कर चुके लगभग 16,460 बच्चों का दो मई को मिशन मोड में प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने सभी बच्चों को निःशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों की जांच कर चश्मा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीपीएम को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स-रे मशीनों को हर हाल में क्रियाशील रखने तथा खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी वरीय एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया।

गर्मी और पछुआ हवा के कारण बढ़ रही अगलगी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन दस्ते को अलर्ट मोड में रखने और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने को कहा गया। विद्युत विभाग को शॉर्ट सर्किट से खेतों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम तथा प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत सोलर सिस्टम का व्यापक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

आपदा प्रबंधन विभाग को सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को शीघ्र अनुग्रह अनुदान भुगतान और बाढ़ पूर्व तटबंधों की मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं मलमास मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर दायित्व निर्वहन का निर्देश दिया और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार, मद्य निषेध, आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आईसीडीएस, पीएचईडी, लघु सिंचाई तथा अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी बैठक से जुड़े रहे।



# सम्राट चौधरी के फैसलों में दिख रही नीतीश कुमार की छाप—रणनीति या मजबूरी? चंदन चौरसिया

## नीतीश मॉडल' में दब जाएगी सम्राट की अलग पहचान?



पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा कि बिहार में सिर्फ मोदी-नीतीश मॉडल ही चलेगा।मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने यह बात कही। उसके बाद से वह सदन से लेकर भाषणों तक में इस लाइन को कई बार दोहरा चुके हैं।

बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिल रहे हैं। सम्राट चौधरी के शुरुआती 11 दिन 'संतुलन' बनाने के दिख रहे हैं।

लेकिन क्या वे आने वाले समय में अपनी अलग पहचान बना पाएंगे या 'नीतीश की विरासत' के वाहक बनकर ही रह जाएंगे। जानेंगे, आज के एक्सप्लेनर बूझे की नाहीं में...।

सम्राट सरकार के नीतीश मॉडल पर चलने के 3 संकेत

1. अफसरों की पुरानी लॉबी

अक्सर देखा जाता है कि जब भी कोई नया मुख्यमंत्री कार्यभार संभालता है तो वह अपनी पसंद के अधिकारियों की टीम बनाता है। लेकिन सम्राट चौधरी के मामले में तस्वीर अलग है। उनके इर्द-गिर्द आज भी वही अधिकारी हैं, जो पिछले कुछ सालों से नीतीश कुमार के 'कोर ग्रुप' का हिस्सा रहे हैं।

नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद माने जाने वाले रिटायर आईएएस अफसर दीपक कुमार की सक्रियता सबसे अधिक चर्चा में है। चर्चा है कि जिस तरह वे नीतीश कुमार के लिए 'संकटमोचक' थे, अब वही भूमिका वे सम्राट चौधरी के पीछे खड़े होकर निभा रहे हैं।

चौरसिया ने कहा कि सम्राट चौधरी फिलहाल नौकरशाही में किसी भी बड़े सर्जिकल स्ट्राइक के मूड में नहीं हैं। वे उसी पुराने ढांचे के साथ तालमेल बिठा रहे हैं, जिसे नीतीश कुमार ने तैयार किया था।

बताया जा रहा है कि सम्राट जानते हैं कि यदि वे अचानक इस तंत्र को बदलते हैं, तो शासन की पकड़ ढीली हो सकती है।

2. नीतीश की पॉलिसी को कॉपी किया

सम्राट चौधरी केवल अफसरों के मामले में ही नहीं, बल्कि कार्यशैली में भी नीतीश मॉडल को ही अपना रहे हैं। उनकी पॉलिसी को कॉपी भी कर रहे हैं। जैसे-11 शहरों में नई ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने का ऐलान।

नीतीश कुमार की 10वीं सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक (25 नवंबर 2025) में टाउनशिप बनाने पर मुहर लगी। उसी एजेंडे को सम्राट चौधरी ने भी अपनी पहली कैबिनेट कीबैठक (22 अप्रैल 2026) में मुहर लगाई। मतलब एक ही योजना को दोनों नेताओं ने अपनी पहली कैबिनेट में जगह दी। इसके अलावा जीविका दीदी को पैसा देना हो, 5 साल में एक करोड़ रोजगार का वादा जैसी नीतीश कुमार की योजनाओं को पूरा करने की सम्राट चौधरी तैयारी कर रहे हैं।

3. 10 दिन में 4 बार नीतीश से मिले सम्राट

चौरसिया ने कहा कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने के बाद भी नीतीश कुमार से लगातार संपर्क में हैं। बीते 10 दिनों में उन्होंने 4 बार (15, 18, 22 और 25 अप्रैल) नीतीश कुमार से मुलाकात की। इसमें से एक बार नीतीश कुमार खुद सम्राट चौधरी के आवास पहुंचे। बाकी 3 बार सम्राट चौधरी उनसे मिलने 1, अणे मार्ग पहुंचे।

सम्राट चौधरी का नीतीश कुमार से बार-बार मिलना और महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा करना यह दर्शाता है कि वे 'नीतीश की छांव' से पूरी तरह बाहर नहीं निकलना चाहते। नीतीश कुमार भले ही मुख्यमंत्री पद से हट गए हों, लेकिन सरकार की चाबी और अनुभवी अफसरों का रिमोट आज भी उनके अनुभव से जुड़ा है।

2. पॉइंट में नीतीश की छांव से क्यों नहीं निकल पा रहे सम्राट

3. नीतीश के वोट बैंक को नाराज नहीं करना है

सम्राट के नीतीश की छाया से बाहर नहीं निकलने का सबसे बड़ा कारण उनका वोट बैंक हैं। नीतीश कुमार का मुख्य वोट बैंक कुर्मी (उनकी जाति), महादलित, इबीसी और कुछ मुस्लिम-दलित समूहों में है।

16% से ज्यादा वोट बैंक हमेशा नीतीश कुमार के साथ रहा है। वह किसी भी पार्टी के साथ रहें, उनके वोटरों पर कोई फर्क नहीं पड़ता। फिलहाल बिहार में जेडीयू के 85 विधायक और 12 सांसद हैं।

नीतीश कुमार के जाने से उनके समर्थकों में नाराजगी खासकर कुर्मी, इबीसी और महिला वोट बैंक में अधिक है। इस नाराजगी को दूर करने के लिए ही भाजपा सहित जेडीयू के बड़े लीडर लगातार मुख्यमंत्री पद छोड़ने का निर्णय नीतीश कुमार के खुद का बता रहे हैं। सम्राट का नीतीश के प्रति प्रेम के पीछे भी यही कारण हो सकता है।

बताया जा रहा है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व फिलहाल नीतीश कुमार को नाराज करने के पक्ष में नहीं है। सम्राट चौधरी की अपनी कोई भी आक्रामक रणनीत नीतीश को महागठबंधन की ओर वापस धकेल सकती है, जो भाजपा के लिए 2029 में जोखिम भरा हो सकता है।

2. नीतीश कुमार की मजबूत सामाजिक-प्रशासनिक

नीतीश कुमार के पास 2 दशक का मुख्यमंत्री के रूप में अनुभव और राज्य के प्रशासन पर मजबूत पकड़ है। सम्राट चौधरी राजनीति में अनुभवी हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर वे 12 दिन पहले तक नीतीश के नेतृत्व वाले कैबिनेट का हिस्सा थे।



नीतीश की छाया में रहने के पीछे सम्राट चौधरी की एक स्ट्रेटजी यह भी हो सकती है। क्योंकि उनकी उम्र अभी 56 साल है और उनका अभी लंबा राजनीतिक करियर है।

अगर नीतीश की छाया से नहीं निकले तो क्या होगा

अगर सम्राट चौधरी इसी पुरानी लॉबी और नीतीश की नीतियों के सहारे चलते रहे, तो सवाल यह उठता है कि भाजपा का 'अपना स्वतंत्र मॉडल' क्या होगा? इसके नफा-नुकसान दोनों हैं।

फायदाः नीतीश कुमार की लकीरों पर चलने से सबसे बड़ा फायदा है कि सरकार में स्थिरता बनी रहेगी। काम चलता रहेगा। चूंकि नीतीश कुमार के साथ आने से एनडीए का राजनीतिक समीकरण ऐसा है कि विपक्ष को सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

भाजपा को सत्ता के लिए विपक्ष से कड़ी चुनौती मिलने की गुंजाइश कम है। हालांकि, युवाओं की बढ़ती आकांक्षाओं से आगे चलकर यह गणित गड़बड़ा भी सकता है।

नुकसानः सम्राट सरकार भी नीतीश मॉडल पर ही चली, कोई बदलाव नहीं हुआ तो भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता के बीच संदेश जा सकता है कि केवल चेहरा बदला है, चाल-चरित्र और काम करने का तरीका अब मोटे तौर पर 3 तरह के नुकसान हो सकते हैं...

1. टूट सकता है कोर वोटर

भाजपा का अपना एक वैचारिक आधार है। नीतीश मॉडल अक्सर 'धर्मनिरपेक्षता' और 'सॉफ्ट हिंदुत्व' के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है।

यदि सम्राट चौधरी अपनी आक्रामक राजनीति को छोड़कर केवल 'नीतीश की सौम्यता' को अपनाते हैं, तो उनका कोर वोटर (हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर जुड़ा वर्ग) भ्रमित हो सकता है।

भाजपा को विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने एजेंडे को इस तरह जोड़ना होगा कि वह नीतीश की नीतियों से अलग और 'प्लस' दिखे।



2. तेज तरक्की की उम्मीद लगाए युवा नाराज हो सकते हैं

नीतीश मॉडल 'सोशल इंजीनियरिंग' और 'बुनियादी ढांचे (सड़क-बिजली)' पर निर्भर रहा है। इसमें बड़ी इंडस्ट्री का अभाव रहा है।

अगर सम्राट चौधरी नई औद्योगिक नीति या विशेष निवेश क्षेत्र (सेज) नहीं लाते, तो युवा वर्ग जो 'गुजरात या उत्तर प्रदेश मॉडल' की उम्मीद कर रहा है, वह ठगा हुआ महसूस करेगा।

इसलिए भाजपा को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और सिंगल विंडो क्लीयरेंस जैसे ठोस बदलाव लाने होंगे, ताकि बिहार केवल मजदूर देने वाला राज्य न रहकर 'मैन्युफैक्चरिंग हब' बने।

3. मायूस हो सकता है भाजपा का कैडर

नीतीश कुमार के शासन में अफसरशाही के हावी होने के आरोप अक्सर लगते रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी शिकायत रही है कि उनकी सुनवाई नहीं होती।

पुरानी लॉबी के सहारे चलने का अर्थ है-वही अधिकारी और वही कार्यशैली। इससे भाजपा का कैडर हतोत्साहित हो सकता है।

सम्राट चौधरी को प्रशासन में राजनीतिक जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि जनता को लगे कि अब निर्णय अफसर नहीं, बल्कि जनता के प्रतिनिधि ले रहे हैं।

नीतीश कुमार अपनी कार्यशैली में किसी भी अन्य नेता को अपने बराबर का कद साझा करने देने के लिए नहीं जाने जाते थे। हालांकि, सम्राट के प्रति नीतीश कुमार ने जिस तरह स्नेह दर्शाया है, वैसे में वह अब बाहर रहकर सम्राट को प्रशासनिक रूप से मजबूत कर सकते हैं।

नीतीश कुमार की एक खासियत उनकी राज्य की बेहतर सामाजिक समझ भी रही है। सामाजिक और राजनीतिक रूप से जटिल बिहार में लंबे समय तक राजनीतिक पारी खेलने के लिए नीतीश जैसे तजुर्बे की जरूरत है। और यह तभी हासिल हो सकता है, जब उनके इर्द-गिर्द रहा जाए।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा के पक्ष में दिखा जनसमर्थन : डॉ प्रेम कुमार



पटना (अपना नालंदा)।बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का एकतरफा रुझान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि यह रुझान केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास, विकास की आकांक्षा और सुशासन की अपेक्षा को दर्शाता है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र है, जहाँ जनता सर्वोपरि होती है और वही अंतिम निर्णय करती है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कुछ वर्षों में विकास, सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं, जिसके कारण देशभर में पार्टी को व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। इसी आधार पर पश्चिम बंगाल में भी भाजपा ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने पश्चिम बंगाल के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान भवानीपुर,चौरंगी,उत्तर हावड़ा एवं मध्य हावड़ा के विधान सभा क्षेत्रों में जनसंपर्क किया । पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन चाहती है और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। राज्य की जनता एक ऐसे शासन की अपेक्षा कर रही है, जो पारदर्शी, जवाबदेह और जनहित के प्रति समर्पित हो। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के दिलों में विश्वास जीतना है।

डॉ. प्रेम कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएं, लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जीत केवल मतों से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सेवा भाव से प्राप्त होती है।

अंत में उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी के बल पर एक सशक्त एवं विकसित नए भारत का निर्माण संभव है।

# नालंदा को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु विभागों संग हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार ने नालंदा जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं विमुक्त बाल श्रमिकों के पुनर्वास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बाल श्रम जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि अधिकांश मामलों में आर्थिक और सामाजिक स्थिति कमजोर होने के कारण अभिभावक बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर हो जाते हैं। ऐसे परिवारों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।

उन्होंने श्रम अधीक्षक को जिलेभर में सघन धावा दल चलाने, बाल श्रमिकों की पहचान करने तथा विमुक्त बच्चों के पुनर्वास की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक के दौरान सभी विभागों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से नालंदा जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त रूप से अभियान चलाया जाएगा।









# महिला आरक्षण मुद्दे पर भाजपा का आक्रोश मार्च, विपक्ष पर तीखा हमला




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा द्वारा रविवार को नारी शक्ति वंदन विधेयक के समर्थन एवं विपक्षी दलों के विरोध के खिलाफ जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बिहारशरीफ के भैसासुर सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलियंट कॉन्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सह प्रदेश नागरिक परिषद सदस्य डा. पूनम शर्मा शामिल हुईं। उनके पहुंचते ही उपस्थित महिलाओं ने जोरदार स्वागत करते हुए नारी शक्ति के समर्थन में जयघोष किया। सम्मेलन का मंच संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट तेजस्विता राधा ने किया।

महिला सम्मेलन के बाद भैसासुर से चौक तक सैकड़ों महिलाओं ने कड़ी धूप में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें महिला विरोधी बताया। मार्च का नेतृत्व डा. पूनम शर्मा ने किया। महिलाओं ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और पप्पू यादव सहित कई विपक्षी नेताओं के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

सभा को संबोधित करते हुए डा. पूनम शर्मा ने कहा कि विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारोंके प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल केवल अपने परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आगे बढ़ाना चाहते हैं, जबकि गरीब और साधारण परिवार की महिलाओं को अवसर देने से बचते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री Narendra Modi द्वारा लाए गए "नारी शक्ति वंदन विधेयक" को संसद में पारित नहीं होने देना महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का विरोध है।उन्होंने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं इस घटना से आक्रोशित हैं और आने वाले समय में विपक्षी दलों को इसका जवाब देंगी।

डा. पूनम शर्मा ने कहा कि भाजपा महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जब तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक देशभर में आंदोलन और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

कार्यक्रम में लोजपा (आर) प्रदेश उपाध्यक्ष रीना राज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष साबो देवी, जिला मंत्री रंजू कुमारी तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव समेत कई महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सभी नेताओं ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और नारी शक्ति वंदन विधेयक को लागू करने की मांग दोहराई।




# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पार्कों में पानी व्यवस्था शुरू, समाजसेवियों की अपील



पटना (अपना नालंदा)। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए समाजसेवी कमल नो पानी ने इस वर्ष भी बेजुबान पक्षियों के लिए सराहनीय पहल की है। सोमवार को उनके द्वारा पटना के भामाशाह पार्क एवं नवीन सिन्हा पार्क में पक्षियों के लिए पेड़ों पर और जमीन पर पानी पीने की विशेष व्यवस्था की गई।

कमल नो पानी ने बताया कि लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण पक्षियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शहरवासियों और सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने पटना नगर निगम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि शहर के सैकड़ों पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों एवं आम लोगों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी पहल भी जीवों के लिए जीवनदायी साबित हो सकती है। यदि लोग अपने घरों, छतों और आसपास के स्थानों पर पानी के बर्तन रखें तो बड़ी संख्या में पक्षियों को राहत मिल सकती है।

इस अवसर पर गोविंद बंसल, विक्रमादित्य प्रसाद झांसी एवं प्रीति कुमारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की अपील की।

# प्रथम चरण की भारी सफलता, दूसरे चरण का ऐतिहासिक जनसैलाब, बंगाल में भाजपा की सरकार तय : -प्रेम रंजन पटेल

पटना(अपना नालंदा)।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण से ही जनता का रुझान स्पष्ट रूप से परिवर्तन की दिशा में दिखाई दे रहा है। पहले चरण के मतदान ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि राज्य की जनता अब विकास, सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक नई सरकार बनाने के लिए मन बना चुकी है।

दूसरे चरण के अंतिम दिन प्रचार के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी की सभाओं में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ ने स्पष्ट कर दिया कि पश्चिम बंगाल में बदलाव की लहर चल रही है। जनता का उत्साह, भागीदारी और समर्थन इस बात का प्रमाण है कि राज्य में अब निर्णायक परिवर्तन होना तय हो चुका है।

भारतीय जनता पार्टी ने "परिवर्तन के साथ विकास" और "सुरक्षा के साथ स्थिर शासन" का जो संकल्प रखा है, वह आज बंगाल की जनता की अपेक्षाओं के साथ दिखता नजर आ रहा है। लम्बे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, हिंसा और अव्यवस्था से त्रस्त आम जनता अब ऐसी सरकार चाहता है जो कानून-व्यवस्था को मजबूत करे, युवाओं को रोजगार दे, महिलाओं को सुरक्षा दे और राज्य को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश के अन्य राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे, यह जनता की प्रमुख अपेक्षा बन चुकी है। बंगाल का विकास केवल राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की समग्र प्रगति से जुड़ा हुआ है। इसलिए "राष्ट्र की नीतियों के साथ बंगाल का खड़ा होना" आज समय की मांग बन गया है।

आज की परिस्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए तैयार है और दूसरे चरण के होने वाले मतदान के साथ यह जनादेश और भी स्पष्ट हो जाएगा। भाजपा के पक्ष में बनता माहौल इस बात का संकेत है कि राज्य में एक नई दिशा, नई सोच और नए नेतृत्व के साथ सरकार बनने की पूरी संभावना बन चुकी है, जो विकास, सुरक्षा और सुशासन के नए मानक स्थापित करेगी।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer